कृषि विज्ञान केन्द्र, कौशाम्बी

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र में किसानो को किया गया सम्मानित

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र कौशाम्बी के प्रांगण में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ अजय कुमार ने ध्वजारोहण किया तथा इस अवसर पर विगत वर्षो की परम्परा के अनुसार केन्द्र के सभी कर्मचारियों के साथ राष्टगान किया गया | केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ अजय कुमार ने अवगत कराया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केन्द्र द्वारा "आजादी का अमृत महोत्सव" कार्यक्रम स्वतंत्रता सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है जिसमे केन्द्र द्वारा विगत कई वर्षो में लाभान्वित प्रगतिशील कृषक बंधुओ को उनके द्वारा कृषि के क्षेत्र में किये गए उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया | केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ अजय कुमार तथा जनपद के उप कृषि निदेशक श्री यू बी गौतम ने 115 प्रगतिशील कृषक बंधुओ को प्रमाण पत्र, फलदार पेंड़ो की रोपण सामग्री, अंग वस्त्र तथा राष्ट्रीय ध्वज प्रदान करते हुए सम्मानित किया | इस अवसर पर केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ अजय कुमार ने कृषको को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हमारे लिए बहुत ही महत्त्वपूर्ण है क्योकि आज के ही दिन हमारे देश को आजादी मिली है| आगे उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता सप्ताह एक अभियान के रूप में मनाया जा रहा है जिसमे 11 से 17 अगस्त तक केन्द्र द्वारा गांवों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं जिसमे जन मानस को स्वतंत्रा दिवस, आजादी का अमृत महोत्सव तथा राष्ट्रीय ध्वज का महत्त्व के बारे में जागरुक किया जा रहा है| उन्हें अपने घरो एवं प्रतिष्ठानों में राष्ट्रीय ध्वज लगाने हेतु प्रेरित किया गया तथा केन्द्र द्वारा लगभग 500 राष्ट्रीय ध्वज कृषक बंधुओ को प्रदान किये गए| जनपद के उप कृषि निदेशक श्री यू बी गौतम ने कृषको को राष्ट्रीय ध्वज को लगाने तथा इसके सम्मान के बारे जानकारी प्रदान की| इस अवसर पर केन्द्र के सभी वैज्ञानिक, कर्मचारी तथा जनपद के 165 कृषक कार्यक्रम में उपस्थित रहे |